Title: Need to provide financial assistance to Government of Bihar for repair of Saran embankment in Gopalganj District-Laid.

श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज): अध्यक्ष महोदय, लगभग 100 वा पूर्व बिहार राज्य के गोपालगंज जिले में बाढ़ सुरक्षा एवं सिंचाई के मद्देनजर सारण तटबंध का निर्माण किया गया था। तटबंध के अंदर बसने वाले गांव एवं लोगों के हिफाजत के लिए 9 रिंग बांध बनाये गये थे। आजादी के पूर्व उक्त रिंग बांध का देखरेख, रख-रखाव, मरम्मती का कार्य जमींदारों द्वारा किया जाता था। देश की आजादी के बाद जमींदारी प्रथा की समाप्ति हुई और उसकी सारी जवाबदेही राज्य सरकार आ गयी। जो 9 रिंग, बांध सारण तटबंध के अंदर थे, उसमें 4 राज्य सरकार के बाढ़ नियंत्रण (सिंचाई विभाग) अपने अधीन ले लिया और शो को छोड़ दिया। जो शो बचे हुए तटबंध हैं एवं मुख्य सारण तटबंध विगत दो वाो से बराबर टूटने के कारण जान माल का व्यापक नुकसान होता रहा है। इस वा भी बाढ़ के कारण भयावह स्थिति पैदा होने के खतरे को देखते हुए लोगों में भय एवं आक्रोश व्याप्त है।

अस्तु, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि बिहार सरकार को आर्थिक मदद देकर सारण तटबंध के अंदर शो बचे बांध के मरम्मत का कार्य पूरा करावें।